उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड–249404

पत्रांक सं0–29 / आई0टी0 / 2024–25 **दिनाँक : 14.08.2024**

प्रेस–नोट

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया पर पत्रांक–78 / ऐ.पी.एस. (सचिव) / 2023–24 दिनांक 09 अगस्त, 2024 का एक भ्रामक कार्यालय ज्ञाप प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें निम्नवत् अंकित है–

"उत्तराखंड लोक सेवा अयोग द्वारा प्रवक्ता, राजकीय पॉलिटेक्निक एवं सहायक शोध अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (समूह–ख) परीक्षा–2024 का आयोजन दिनांक 23 सितम्बर, 2024 से 28 सितम्बर 2024 तक दो सत्रों में आयोजित किया जायेगा। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु आयोग और शासन द्वारा सुरक्षा तथा गोपनीयता से सम्बंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों और उनके निकटवर्ती स्थानों पर पुलिस / प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

आयोग में तैनात अनुसचिवगण निम्न चक्रानुक्रम मे शिकायत निवारण प्रकोष्ट के लिए प्रभारी नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे, जो नोडल अनुभाग से दैनिक रूप से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही करने हेतु उत्तरदायी होंगे।

अनुसचिवों का विवरण, (i) श्रीमती पुष्प बुदियाल, अनुसचिव, सेवा (ii) श्री अनुराग श्रीवास्तव, अनुसचिव, परीक्षा (iii) श्री आशीष जायसवाल, अनुसचिव, गोपन (iv) श्री सुनील कुमार मिश्र, अनुसचिव, परीक्षा–4

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा साप्ताहिक आधार पर उक्त प्रणाली की समीक्षा की जायेगी। तकनीकी प्रकृति की शिकायतों / समस्याओं का समाधान आई.टी. सैल द्वारा तत्काल किया जायेगा।

उक्त आदेश माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।"

आयोग द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि उपरोक्त कार्यालय–ज्ञाप पूर्णतः भ्रामक है। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं हेतु आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in का ही अवलोकन करें।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव